[This question paper contains 7 printed pages.]

**8604** *आपका अनुक्रमांक* ...............

**B.Com. (बी॰कॉम॰)/I** **AS**

Paper-V – HINDI (B)

प्रश्नपत्र-V – हिन्दी (ख)

(प्रवेश वर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*टिप्पणी :- प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक SOL/NCWEB/Non-Formal cell के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में कम होंगे।*

Qapaper.Com

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) सोभित कर नवनीत लिए।
घुटुरुनि चलत रेनु तन-मंडित, मुख दधि लेप किये।
चारू कपोल, लाल लोचन, गोरोचन-तिलक दिये।
लट-लटकनि मनु मत्त मधुप-गन मादक मधुहिं पिए।
कठुला-कंठ ब्रज केहरि नख, राजत रुचिर हिए।
धन्य सूर एकौपल इहिं सुख का सत कल्प जिए।।

अथवा

P.T.O.

या अनुरागी चित्त की गीत समझें नहिं कोइ।

ज्यौं-ज्यौं बूड़ै स्याम रँग त्यौं त्यौं उज्जलु होइ॥

मोहन-मूरति स्याम की अति अद्‌भुत गीत जोइ।

बसतु सु चित्त-अन्तर, तऊ प्रतिबिंबितु जग होइ॥ (8)

(ख) निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वह तोड़ती पत्थर।

मैंने देखा उसे इलाहाबाद के पथ पर,

वह तोड़ती पत्थर।

कोई न छायादार

पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,

श्याम तन, भर बँधा यौवन

नत नयन, प्रिय कर्मरत मन।

गुरू हथौड़ा हाथ,

करती बार-बार प्रहार —

सामने तरु मालिका अट्टालिका, प्राकार।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में चित्रित मजदूर युवती का चित्रण अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'नत नयन-प्रिय कर्मरत मन' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(8)

Qapaper.Com

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

दोनों ने जैसे बड़े धर्म-संकट में पड़कर गहनों की पिटारी सँभाली और चलते बने। माता वात्सल्य-भरी आँखों से उनकी ओर देख रही थी, और उसकी सम्पूर्ण आत्मा का आशीर्वाद जैसे उन्हें अपनी गोद में समेट लेने के लिए व्याकुल हो रहा था। आज कई महीने के बाद उनके भग्न मातृ-हृदय को अपना सर्वस्व अर्पण करके जैसे आनन्द की विभूति मिली। उसकी स्वामिनी-कल्पना इसी त्याग के लिए, इसी आत्म-समर्पण के लिए जैसे कोई मार्ग ढूँढती रहती थी। अधिकार या लोभ या ममता की वहाँ गन्ध तक न थी।

अथवा

Qapaper. Com

परमार्थ की उच्चतम भावना के साथ भी नागरिक जीवन में प्रवेश करने पर व्यक्ति को अविश्वास और सन्देह के अनेक पैने तीरों का लक्ष्य बनना पड़ता है। नागरिक जीवन का अकारण सन्देह, कर्मनिष्ठा को पंगु और उसका लक्ष्यहीन दुराव, जीवन-दर्शन को भ्रान्त कर देता है। इसके विपरीत ग्रामीण जीवन की पुस्तक खुली ही मिलती है। कुछ विषय परिस्थितियाँ अपवाद हो सकती हैं, पर जहाँ जीवन कुछ स्वस्थ हैं, वहाँ एक ग्रामीण का सहयोग-आदान दैन्यरहित होने के कारण सहज है, सहायता का दान गर्वशून्य होने के कारण स्वाभाविक और विचार-विनिमय अकृत्रिम होने के कारण जीवन के अध्ययन का पूरक है। (8)

(ख) निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

यदि किसी दिन शिवशम्भु के साथ माई लार्ड नगर की दशा देखने चलते तो वह देखते कि इस महानगर की लाखों प्रजा भेड़ों और सूअरों को भांति सड़े-गले झोंपड़ों में लोटती है। उसके आसपास सड़ी बदबू और मैले-सड़े पानी के नाले बहते हैं। कीचड़ और कूड़े के ढेर चारों ओर लगे हुए हैं। उनके शरीरों पर मैले-कुचैले फटे चिथड़े लिपटे हुए हैं। उनमें से बहुतों को आजीवन पेट-भर अन्न और शरीर ढकने को कपड़ा नहीं मिलता। जाड़ों में सर्दी से अकड़कर रह जाते हैं और गर्मी में सड़कों पर घूमते तथा जहाँ-तहाँ पड़ते-फिरते हैं। बरसात में सड़े-सीले घरों में भीगे पड़े रहते हैं।

(i) लेखक माई लार्ड को नगर की दशा क्यों दिखाना चाहता है ?

(ii) माई लार्ड की शासन व्यवस्था के क्या दुष्परिणाम हैं ?

(8)

Qapaper. Com

3. पाठ्यक्रम में निर्धारित रैदास के पदों में वर्णित भक्ति-भावना का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

'ताशों में ही बचे रहेंगे' --- कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। (9)

4. 'इमारत गिराने वाले' - कहानी का उद्देश्य लिखिए।

**अथवा**

'तीन अपाहिज' एकांकी में निहित व्यंग्य पर विचार प्रकट कीजिए।

(9)

5. (क) किसी एक पर टिप्पणी लिखिए :

(i) मानक भाषा की विशेषताएँ ।

(ii) राजभाषा व सम्पर्क भाषा में अन्तर । (5)

(ख) किन्हीं चार शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :

बेटीयाँ, अनूग्रहीत, कीर्ती, विराग्य,

प्रातह, उज्जवल, परतीक्षा, तिरश्कार । (2)

(ग) किन्हीं दो वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :

(i) मुझको अनेकों पुरस्कार मिले ।

(ii) बच्चे खिलौने पाकर खुशी होते हैं ।

(iii) वहाँ केवल मात्र चार लोग थे ।

(iv) मैं प्रातः के समय घूमने जाता हूँ । (3)

6. (क) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

उपक्रम, अंकुरण, दलित, धारणा, मर्यादा,

चित्र, विकसित, गमला ।

**अथवा**

'एकभाषी कोश' का परिचय देते हुए उसके महत्त्व का उल्लेख कीजिए । (5)

(ख) बैंकों में हिन्दी-प्रयोग के महत्त्व पर प्रकाश डालिए । (5)



Qapaper.Com

(ग) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दावली में से किन्हीं पाँच के हिन्दी प्रतिरूप लिखिए :

Debtor, Gross, Deposit, Primary, Finance, Image, Encashment, Insured, Agenda, Lease (5)

7. (क) बिजली अधिकारी को अपने क्षेत्र की बिजली समस्या की शिकायत-हेतु एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

कॉलेज में लेखा अधिकारी पद हेतु स्ववृत्त (बायो-डाटा) तैयार कीजिए। (5)

(ख) भेंटवार्ता से आप क्या समझते हैं ? भेंटवार्ताकार को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। (5)

(ग) अपने किसी यात्रा-संस्मरण पर संक्षिप्त आलेख लिखिए। (5)

Qapaper.Com

8. "जिस लाहौर नइ देख्या - - - -" नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) रतन की माँ का लाहौर में हवेली में रह जाना नाटक में किस पात्र को परेशान करता है और क्यों ?

(ii) नमाज़ पढ़ते समय मौलवी पर कौन हमला करता है और क्यों करता है ?

(iii) नासिर और हमीद रतन की माँ को वापिस घर लेकर आते हैं तो मिर्ज़ा का परिवार उसके साथ कैसा व्यवहार करता है ?

(iv) 'मोहल्ले के बच्चे-बच्चे की ज़बान पर माई का नाम रहता है – हर मर्ज़ की दवा है माई' — पंक्ति से लेखक का क्या तात्पर्य है।

अथवा

'दिलो-दानिश' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) बदरु और मासूमा के हवेली जाने पर क्या-क्या घटना घटती है ?

(ii) कुटुम्ब वकील साहब के साथ फराशखाने महकबानों से क्या लेने जाती है ?

(iii) बदरु द्वारा छुन्ना बीबी का रूक्का (पत्र) पढ़ने पर किस तरह की तैयारियाँ शुरू हुईं ?

(iv) मासूमा की शादी को लेकर वकील साहब ने महकबानू को किस शर्त के बारे में बताया ? (10)

Qapaper.Com

Qapaper. Com